तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

12 त्रिमूर्ति कॉलोनी के जलभराव क्षेत्र का नपाध्यक्ष ...

12 पावस पर आस्था की हुई काव्य गोष्ठी




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : sssсn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA BBA PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# चंद्र उपग्रह बनाने देश की 20 सदस्यीय टीम में चुनी गई शहर की रागिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- इंटरनेशनल मून मिशन के हुआ चयन, मिशन शक्ति सेट के बने उपग्रह को इसरो 11 अक्टूबर को हरिकोटा से किया जाएगा लॉन्च

जिले के लिए यह अत्यंत गर्व और ऐतिहासिक क्षण है जिसमें शहर के शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रागिनी साहू का चयन अंतर्राष्ट्रीय चंद्र मिशन शक्तिसैट के लिए नेशनल फाइनलिस्ट के रूप में हुआ है। इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने वाली रागनी पूरे छत्तीसगढ़ की इकलौती छात्रा हैं।

इस वैश्विक अभियान में भारत से प्रत्येक राज्य के चुनिंदा विद्यार्थियों सहित केवल 20 राष्ट्रीय फाइनलिस्ट का चयन किया गया है, जिसमें रागिनी ने कड़े राष्ट्रीय मूल्यांकन और साक्षात्कार को पास कर अपना स्थान पक्का किया है। रागिनी साहू ने वर्ष 2025 में अपने स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से इस मिशन में पंजीयन कराया था। चयन प्रक्रिया के दौरान उन्होंने लगभग 120 घंटे की ऑनलाइन प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत 21 विस्तृत मॉड्यूल तथा 550 से अधिक स्पेस, सैटेलाइट, विज्ञान, नवाचार और इंजीनियरिंग आधारित लेसन सफलतापूर्वक पूर्ण किए। इसके बाद तकनीकी मूल्यांकन एवं राष्ट्रीय स्तर के साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। मिशन शक्ति सेट एक अंतरराष्ट्रीय चंद्र सैटेलाइट मिशन है, जिसमें भारत के अलावा अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस सहित विश्व के 108 देशों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस ऐतिहासिक मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा दो चंद्र उपग्रह विकसित किए जाएंगे। इनमें से एक उपग्रह चंद्रमा की कक्षा में स्थापित होकर परिक्रमा करेगा, जबकि दूसरा रोवर चंद्रमा की सतह पर उतरकर वैज्ञानिक प्रयोग करेगा।

रागिनी साहू आगामी 22 से 31 अगस्त 2026 तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 8 दिवसीय नेशनल वर्कशॉप में भाग लेंगी। इस कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान रागनी को इसरो व वैज्ञानिकों, भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और विभिन्न देशों के अंतरिक्ष विशेषज्ञों से सीधा संवाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों द्वारा विकसित इन उपग्रहों का 11 अक्टूबर 2026 (अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस) पर आंध्र प्रदेश के हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो द्वारा प्रक्षेपण किया जाएगा। यह मिशन अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग से संबद्ध है। इस वैश्विक पहल का संचालन स्पेस किड्ज इंडिया की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. केसन के नेतृत्व में किया जा रहा है। विंग कमांडर जाया तारे इस मिशन की भारत की राष्ट्रीय राजदूत हैं।





### अन्य छात्रों के लिए बनेगी प्रेरणास्रोत

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने छात्रा रागिनी साहू के उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा हैकि जिले की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा अटल टिंकरिंग लैब के प्रभारी एवं भौतिकी व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश के सतत मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायी प्रयासों की सराहना की।

## कन्या शाला में प्रतिभाशाली छात्रा रागिनी का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी रागिनी साहू का अंतरराष्ट्रीय चंद्र मिशन मिशन शक्तिसैट के लिए नेशनल फाइनलिस्ट के रूप में चयन हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना सभा के दौरान रागिनी साहू का पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सेनभांठा में जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई से मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर बागबारा थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। बागबाहरा थाना अंतर्गत सेनभांठा निवासी निर्मलकुमार चक्रधारी के साथ उसके छोटे भाई टोपलाल चक्रधारी ने गाली गलौज करते हुए मारपटी कर दी। पुलिस ने बताया कि निर्मल कुमार 9 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे अपने खेत गया था। वहां टोपलाल ने विवाद करते हुए डंडे से सिर में मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### नाबालिग सहित दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन रहे दो लोगों पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी देवा पारधी पिता नरेंद्र पारधी (20 साल) स्टेशनपारा बेलसोंडा एवं एक नाबालिग के कब्जे से 54 पौवा देशी मसाला शराब सुपर 36 कीमत 5400 रुपए एवं बाइक कीमत 30, 000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## रोष: रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद प्रदेशभर के कांग्रेसियों में आक्रोश

# जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, पीएम और सीएम का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- खल्लारी विधायक व जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसियों के दम पर प्रताड़ित करने का सिलसिला बंद करे भाजपा : कांग्रेस

केंद्रीय एजेंसियों के साथ राज्य की सुरक्षा एजेंसियों के लगातार दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर स्थानीय संगठन ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला मुख्यालय में खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की ईओडब्ल्यू द्वारा की गई गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रव्यापी और प्रदेशव्यापी आक्रोश सड़क पर आ गया। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही है। विपक्ष लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा से लड़ने का काम करती है। मगर भाजपा जांच एजेंसियों के दम पर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है।



### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल जिला प्रभारी महामंत्री, निर्मल जैन शहर महामंत्री, संजय शर्मा, मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, खिलावन साहू, अन्नू चंद्राकर, भरत ठाकुर, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, अमर चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, सचिन गायकवाड़, नितेंद्र बैनर्जी, मानिकराम साहू, तबरेज खान, सोनम रामटेके, अमन चंद्राकर, राशि महिलांग, डॉ एजाज नकवी, अक्षय साकरकर, टोमन सिंह कागजी, खोम सिन्हा, भोलेनाथ गंधर्व, सुनील चंद्राकर, राजू साहू, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, विनोद युगर, आरिफ खान, गंगा बाघ, युवराज साहू, भानू सोनी सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विपक्ष को प्रताड़ित करने का चल रहा सिलसिला

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश और प्रदेश में विपक्षी नेताओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। बिना किसी पुख्ता सबूत के सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए नेताओं को प्रताड़ित करने का सिलसिला जारी है। रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी इसी दमनकारी नीति का हिस्सा है, जिसे कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेगा।

### सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस अपनी लड़ाई जारी रखेगी

पुतला दहन कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि विपक्ष के खिलाफ इस प्रकार की दुर्भावनापूर्ण और तानाशाही कार्रवाई तुरंत बंद नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा और कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रखेगी।

## डरा धमकाकर अनाचार के मामले में 12 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

डरा धमकाकर अनाचार करने और जबरदस्ती मांग में सिंदूर भरकर पत्नी बनाने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर फास्ट ट्रेक कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश मोनिका जायसवाल ने कुरूद थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 4 निवासी 37 वर्षीय नरेश कंवर पिता स्व.जहुर कंवर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत 12 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा करने की दशा में 3 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इसी तरह धारा 351 (3) के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा करने पर 1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार 12 जून 25 को कोतवाली थाना में पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि नरेश कंवर जो बैगा का काम करता है, उसके घर दो साल से आना-जाना कर रहा था। 12 जनवरी 25 को दोपहर करीब 12 से 1 बजे नरेश कंवर उसके घर आया और उसे अकेला पाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और जबरदस्ती अनाचार किया। इतना ही नही आरोपी ने जबरदस्ती पीड़िता के मांग भरकर मंगलसूत्र पहनाया और कहा कि अब तुम मेरी पत्नी हो। 17 मई 25 को शादी की फोटो व वीडियो पीड़िता के जीजा को भेजकर अपनी पत्नी बताया। घर वालों को जानकारी होने पर जब पूछताछ की गई तो पीड़िता ने डरा धमकाकर बलात्कार करने की बात बताई। आरोपी के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज कर मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर अतिरिक्त लोक अभियोजक सुरेंद्र गिरि ने पैरवी की।

### अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान, 239 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने अवैध शराब बनाने, बिक्री करने एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया।



अनुविभागवार पृथक-पृथक टीम गठित कर की गई कार्रवाई के तहत पुलिस ने कुल कुल 239 लीटर अवैध महुआ शराब (कीमत 52,800 रुपये) को जब्त किया। वहीं इन मामलों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा थाना महासमुंद, सांकरा, पटेवा क्षेत्र में भारी मात्रा में जमीन के नीचे दबाकर रखे महुआ लाहन पास को बरामद कर नष्ट किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियान दिनांक से वर्तमान तक 26 लाख 13 हजार 279 रुपए कीमत की 9719.625 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है। वहीं 726 प्रकरणों में 817 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

### घर व दवा दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम तेंदूवाही और खम्हारमुड़ा से दो बाइक चोरी के मामले में पटेवा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम तेंदूवाही निवासी नंदकिशोर निषाद ने पटेवा थाने में शिकायत की है कि 1 जुलाई को उनके घर में शादी थी। शादी का घरेलू सामान को लाने ले जाने के लिये बाइक क्रमांक क्रमांक सीजी-04-एच के 6740 को घर के सामने ही खड़ी की थी। रात करीब 2 बजे देखा तो बाइक वहां नहीं थी। इसी तरह ग्राम खम्हारमुड़ा निवासी कुलेश्वर धृतलहरे ने शिकायत की है कि 5 जुलाई को वह ग्राम रायतुम के साप्ताहिक बाजार में बाइक क्रमांक सी जी 06-जी एक्स 9924 से सब्जी लेकर बेचने गया था। सब्जी बेचने के बाद घर वापसी के दौरान रास्ते में झलप के छिलपावन चौक स्थित एक मेडिकल दुकान में रूका और बाइक खड़ी कर दवा लेने चला गया। जब वापस आकर देखा तो बाइक चोरी हो गई थी।

## एक्सीडेंट में स्कूटी चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सितली नाला के पास एक्सीडेंट में घायल एक स्कूटी चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं. 10 इमलीभांठा निवासी 21 जून की रात रामकिशन निर्वाण अपने वाहन क्रमांक सीजी 06 जीआर 4330 से घर से सितली नाला के पास स्थित चिकन शॉप के लिए निकले थे, रास्ते पर स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 04पीपी 4309 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर रामकिशन के वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से महासमुंद के निजी अस्पताल और फिर रायपुर के डीकेएस अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया, जहां 26 जून को उनकी मौत हो गई। मामले में मृतक की पुत्री मोनिषा निर्वाण की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बेलसोंडा के पूर्व सरपंच और पूर्व उपसरपंच के बीच जारी सियासी जंग, एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



समीपस्थ ग्राम पंचायत बेलसोंडा के पूर्व सरपंच और पूर्व उपसरपंच के बीच जारी सियासी जंग में लगातार एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें और कार्रवाई की मांग का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को पूर्व सरपंच भामिनी चंद्राकर महिलाओं के साथ कलेक्टर जनदर्शन में पहुंची और पूर्व उपसरपंच हुलसी चंद्राकर के खिलाफ शिकायत और कार्रवाई की मांग की। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष एवं तात्कालीन उपसरपंच हुलसी चंद्राकर ने भूतपूर्व सरपंच भामिनी के खिलाफ महिलाओं को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की थी।

भामिनी द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत में बताया गया है कि पंचायती राज अधिनियम के तहत करीब साढ़े 10 लाख रुपये की सरकारी वसूली लंबित होने के बावजूद हुलसी चंद्राकर द्वारा चुनाव लड़कर आयोग को गुमराह किया है। उन्होनें अदेय प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। 10.81 लाख की रिकवरी आदेश, जांच रिपोर्ट और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पत्रों का हवाला देते हुए बताया कि एसडीएम के आदेशानुसार, पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40(ख) और 40(ग)(1) के उल्लंघन के मामले में धारा 92 के तहत हुलसी चंद्राकर से कुल 10, 81, 518 रुपये की वसूली प्रस्तावित है। 7 जून 2023 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से नोटिस जारी हुआ था।

भामिनी का आरोप है कि इस राशि को सरकारी खजाने में जमा किए बिना, पंचायत सचिव से एनओसी हासिल की गई और निर्वाचन अधिकारी को अंधेरे में रखते हुए चुनाव लड़ा गया। पूर्व सरपंच भामिनी ने ने मामले की निष्पक्ष जांच कर राशि वसूली और दोष सिद्ध होने पर संबंधित को जनपद उपाध्यक्ष पद से हटाने की मांग की है।

मामले पर लगे आरोपों के संदर्भ में तात्कालीन उपसरपंच हुलसी चंद्राकर ने कहा है कि उपसरपंच के पास वित्तीय अधिकार नही होते, कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत थी। तत्कालीन सरपंच व सचिव ही इसके लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें नियमों का ध्यान रखते हुए कार्य का भुगतान करना था। पंचायत रिकार्ड में मुझसे रिकवरी का कोई उल्लेख भी नहीं है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
FITTER 2 Year (10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
कुरूद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्कर को 20 साल कैद, दो लाख जुर्माना

**रायपुर।** गांजा तस्कर को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने 20 साल कैद के साथ दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने गनी खान को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 20 फरवरी 2024 को गनी के कब्जे से 49 किलो गांजा जब्त किया था। वह कोचियों को बेचने के लिए गांजा तस्करी कर लाया था।

### पैरोल पर छूटा कैदी फरार, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर।** सेंट्रल जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा कैदी 16 दिन की पैरोल में छूटने के बाद जेल में आमद दर्ज कराने के बजाय फरार हो गया। जेल प्रशासन ने गंज थाने में कैदी के फरार होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। धमतरी भखारा निवासी कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा वर्ष 2022 में हत्या और साक्ष्य मिटाने के मामले में दोष सिद्ध होकर आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसे जेल मुख्यालय के आदेश पर 19 जून 2026 को 16 दिनों की पैरोल पर छोड़ा गया था। 4 जुलाई की शाम 5 बजे तक उसे जेल में आत्मसमर्पण करना था।

### लूट के आरोप में नाबालिग समेत आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** फरसे की नोक पर दो लूट करने वाले एक नाबालिग सहित आधा दर्जन बदमाशों को खमतराई थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटे गए तीन मोबाइल, नकदी तथा फरसा जब्त किया है। डीआरएम ऑफिस के सामने 20 जून की मध्य रात्रि एक बाइक सवार के साथ 18 सौ रुपए नकदी के साथ मोबाइल लूट की थी। इसके पहले वाल्टेयर लाइन पर हाईवा चालक के साथ लूट की थी। लूट के आरोप में पुलिस ने जयराज तांडी, करन नायक, दिनेश सोना, कृष्णा उर्फ अर्जुन उर्फ बाबू, बबलू महानंद तथा एक किशोर को गिरफ्तार किया है।

### खाद की कालाबाजारी पर कृषि विभाग की सख्त कार्रवाई

**रायपुर।** चालू खरीफ सीजन में प्रदेश के किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य शासन द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग की उड़नदस्ता टीमों द्वारा प्रदेशभर में व्यापक निरीक्षण एवं छापामार कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब तक 4,337 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 527 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस, 167 प्रतिष्ठानों पर विक्रय प्रतिबंध, 93 मामलों में उर्वरक जब्ती, 94 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित तथा 9 लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 4 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। कार्रवाई मुख्यतः निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय, जमाखोरी, अनियमित भंडारण तथा उर्वरकों के साथ अन्य सामग्री की अनिवार्य बिक्री जैसी शिकायतों के आधार पर की गई।

### 'श्री लीलामृत' ग्रंथ का रसपान, श्रद्धालु भावविभोर

**रायपुर।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन, अश्वनी नगर में आयोजित तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा के दौरान प्रवचनकार रोहित मोड़े ने कहा कि मनुष्य के जीवन में गुरु का होना अत्यंत आवश्यक है। गुरु से प्राप्त भक्ति ही जीवन का वास्तविक कल्याण करती है तथा व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग्य गुरु से गुरु दीक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य जी से दीक्षित होकर गुरु परंपरा से जुड़ने तथा धर्म, भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिली परिवार को आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कलेक्टर ने कुलेश्वरी पुष्कर को 2 लाख रुपए की बीमा दावा राशि का चेक सौंपा



केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने जिले में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अपने कक्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम गढ़सिवनी की निवासी कुलेश्वरी पुष्कर को 2 लाख रुपए की बीमा दावा राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना कम प्रीमियम में अधिक सुरक्षा प्रदान करने वाली जनकल्याणकारी योजना है। किसी परिवार के कमाऊ सदस्य के असामयिक निधन के बाद आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे समय में योजना के तहत मिलने वाली बीमा सहायता राशि परिवार के लिए बड़ा सहारा बनती है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने जिले के सभी पात्र नागरिकों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ने और समय-समय पर अपने बैंक खाते के माध्यम से इसका नवीनीकरण कराने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंकों की सक्रिय भागीदारी से इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने बैंक अधिकारियों से अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना से जोड़ने तथा दावा प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमा सहायता राशि प्राप्त करते हुए कुलेश्वरी पुष्कर ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नक्सल समस्या पर केंद्रित हिंदी उपन्यासों की उपादेयता विषय पर अंकित को पीएचडी की उपाधि




**सरायपाली।** बलौदा निवासी अंकित भोई को हिंदी साहित्य के क्षेत्र में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। अंकित भोई ने ₹नक्सल समस्या पर केंद्रित हिंदी उपन्यासों की उपादेयता₹ विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

यह शोध कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर दुर्ग के हिंदी विभाग के विद्वान शिक्षाविद्, भाषा-वैज्ञानिक एवं शोध निर्देशक डॉ.सुधीर शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। अंकित कथा साहित्य में नक्सली समस्या पर शोध करने वाले देश के पहले शोधार्थी हैं। अंकित भोई वर्तमान में शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा में हिंदी के सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। विगत 16 वर्षों से देश के विविध पत्र-पत्रिकाओं में लघुकथा एवं आलेख का अनवरत लेखन कर रहे हैं। अंकित ने अपने दादा स्व.विपिन बिहारी भोई को प्रेरणा मानते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शोध निर्देशक डॉ. सुधीर शर्मा, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर दुर्ग, स्व.जयदेव सतपथी शासकीय बसना महाविद्यालय में हिंदी के सहायक प्राध्यापक नंदकिशोर प्रधान, सपना भोई, सुष्मिता भोई समेत माता-पिता, परिवारजनों, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों के सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद को दिया है।

# प्रथम नियुक्ति तिथि से मिले पेंशन, शिक्षक करेंगे संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई महासमुंद की बैठक बीआरसीसी भवन महासमुंद में जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान प्रांतीय प्रचार मंत्री केशव राम साहू, लालजी साहू, साधराम अजेय, नंद कुमार साहू, पुष्पलता भार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव, गजेंद्र नायक, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, पवन साहू, जगदीश सिन्हा, संपा बोस प्राचार्य भोपाल सिंह बंजारा, तुलेंद्र सागर, भारत साहू, अनूप नायक की उपस्थिति में हुई।


बैठक में पूर्व सेवा की गणना, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, लंबित पदोन्नति, क्रमोन्नति, विभागीय टेट परीक्षा, बीएड योग्यता, विएसके उपस्थिति में तकनीकी कठिनाई, कार्यकारिणी विस्तार, वार्षिक सदस्यता सहित अद्यतन सभी शैक्षिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने कहां कि पुरानी सेवा अवधि को जोड़कर पुरानी पेंशन की निर्धारण किया जावे तथा 10 वर्ष पूर्ण न करने के कारण शून्य पेंशन पर सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के लिए एक निश्चित पेंशन राशि का प्रावधान किया जावे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार टीईटी की अर्हता न रखने वाले शिक्षकों को 2028 तक टीईटी की पात्रता हासिल कर लेना अनिवार्य है। इसके लिए शासन द्वारा शीघ्र ही विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित किया जाएं। बैठक में वीएसके उपस्थिति ऐप पर चर्चा करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि सुदूरवर्ती दूरस्थ स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा न होने के कारण उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रहा है। मौसम की खराबी, लोकेशन संबंधी एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण ही कई शिक्षक उपस्थिति दर्ज करने में वंचित हो रहे है। संघ ने कहा कि वीएसके ऐप संबंधी तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। बैठक में लंबित पदोन्नति को शीघ्र किया जाने तथा क्रमोन्नति के पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए जनरल आदेश जारी किया जाए।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के वार्षिक सदस्यता अभियान की शुरुआत करने की निर्णय लिया गया। वार्षिक सदस्यता के लिए जिला में 15 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक का समय निश्चित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार होने की अपील की। उक्त विषयों पर विकासखंड स्तरीय चर्चा के लिए 12 जुलाई से 18 जुलाई तक का समय विकासखंड इकाई की बैठक के लिए रखा गया है। उक्त समयावधि में समस्त विकासखंड अध्यक्ष ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक करे और संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की जाए।

बैठक में मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, वारिश कुमार,अक्षय साहू, कौशल साहू, आशीष साहू, घनश्याम चक्रधारी, ख़ेमिन साहू, भारती सोनी, शंकर लाल साहू, खोमन चंद्राकर, किरण कन्नौजे, टीकम साहू, रोहित ठाकुर, राजेश्वर चंद्राकर, कमलेश साहू सहित बड़ी संख्या में प्रांत, जिला एवं विकासखंड स्तरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उक्तशय की जानकारी जिला सचिव नंद कुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# बारिश में नाली और खाली प्लॉट में गंदा पानी जमा, पनपने लगे मच्छर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी में मानसूनी सीजन के साथ शहर में हुई बारिश के कारण खाली भूखंडों और जलभराव वाले क्षेत्रों में गंदा पानी के जमा होने से मच्छरों के लार्वा पनपने लगे हैं, नालिया जाम होने और पोखर सहित अन्य स्थानों पर बारिश का रुका हुआ पानी से मच्छरों की समस्या आने वाले दिनों में और बढ़ेगी। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग शहर में मच्छर उन्मूलन के लिए कोई ठोस योजना अब तक नहीं बना पाया है।

जोन भरोसे शहर के 70 वार्डों में प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से एंटी लार्वा छिड़काव की अस्थायी व्यवस्था और मच्छरों के लार्वा के समूल खात्मा के लिए गंबुजिया मछली अब तक मत्सय विभाग ने नहीं खरीदी गई है, बल्कि इस पर विचार चल रहा है। नगर निगम के पास हाथ चलित छोटी फागिंग मशीन की संख्या कम होने के चलते स्वास्थ्य विभाग ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 35 हस्तचलित मशीनें ऑनलाइन टेंडर खरीदी है। जिसका पिछले दो दिनों से ट्रायल चल रहा है। रिस्पांस अच्छा मिलने पर इसे आवश्यकता अनुरूप संबंधित जोन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग अभी तक नालियों और ठहरे हुए पानी में दवा का छिड़काव करने में तत्परता नहीं दिखा पाया है। खदान और गड्ढा तथा खाली भूखंड जहां बारिश का गंदा पानी जमा हुआ है वहां मच्छर पनप रहे हैं। इस ओर निगम प्रशासन का ध्यान अब तक नहीं गया है।

# थोक में किए जा रहे थानेदारों के स्थानांतरण, दूसरे दिन एक एसआई सहित 16 टीआई का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पहले दिन 64 टीआई का ट्रांसफर आदेश जारी किया गया था
- अपने सर्विसकाल में मैदानी क्षेत्र में ड्यूटी करने वाले टीआई का स्थानांतरण बस्तर संभाग में किया गया

राज्य के अलग जिलों के थाने में पदस्थ थानेदारों का पुलिस मुख्यालय थोक में ट्रांसफर आर्डर जारी कर रहा है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर 64 टीआई का स्थानांतरण किया था। दूसरे दिन एक एसआई सहित 15 और टीआई का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। बताया जा रहा है, जो थानेदार एक ही जिला में दो साल या उससे ज्यादा समय तक पदस्थ रहे, उन थानेदारों को ट्रांसफर कर दूसरे जिले में भेज रहे हैं।

पहले दिन जिन 64 टीआई का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था, उनमें से बस्तर संभाग के अलग-अलग थानों में पदस्थ 26 टीआई का ताबादला मैदानी जिलों में किया गया है। इसके साथ ही मैदानी जिलों के थानों में सेवा देने वाले 38 टीआई का स्थानांतरण बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में किया गया है। उनमें रायपुर जिला से छह टीआई जिनमें सचिन सिंह, बीएल चंद्राकर, अजीत सिंह राजपूत, हितेश सिंह ठाकुर, रीतेश मिश्रा तथा शिवेंद्र कुमार राजपूत का स्थानांतरण बस्तर संभाग के थानों में किया गया है।

### इन थानेदारों का स्थानांतरण आदेश जारी

- विपुल आनंद जांगड़े - कोरिया - धमतरी
- दीपक कुमार शर्मा- धमतरी- बस्तर
- कपिल देव चंद्रा - मोहला मानपुर अंबागढ़ - बिलासपुर
- जन्मेजय पाण्डेय - बलरामपुर रामानुजगंज - बालोद
- दुर्गेश्वरी चौबे - सरगुजा - रायपुर ग्रामीण
- धर्मेन्द्र वैष्णव - खैरागढ़ छुईखदान गंडई - जांजगीर-चांपा
- शिवनारायण सिंह - रायपुर - दुर्ग
- स्वराज त्रिपाठी - रायपुर नगरीय - सारंगढ़-बिलाईगढ़
- रूपेश कुमार साहू - पीएचक्यू - राजनांदगांव
- भुवनेश्वर साहू - पीएचक्यू - रायपुर सिटी
- रवि सिंह - सामान्य शाखा - पुलिस मुख्यालय
- दिव्यकांत पाण्डेय - बलरामपुर रामानुजगंज - मुंगेली
- प्रकाश राठौर - सूरजपुर - सारंगढ़-बिलाईगढ़
- सुदर्शन सिंह ध्रुव - नारायणपुर - कांकेर
- अशफाक अहमद अंसारी - पीएचक्यू - सरगुजा
- एसआई देवशरण सिंह - रायपुर सिटी - दुर्ग

# बारिश सीजन में शहर को हरा-भरा करने नगर निगम को माना नर्सरी से मिले 20 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में मानसून की हाल ही में हुई पहली तेज बारिश के बाद नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग ने शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाने वन विभाग के माध्यम से माना नर्सरी से 20 हजार पौधे निःशुल्क मंगाए हैं। ये पौधे 12 विभिन्न प्रजाति के छायादार और फलदार पौधे के रूप में हैं, जिनका रोपण शहर के चिन्हांकित खाली स्थानों पर लोगों की मांग और संबंधित वार्ड पार्षद की अनुशंसा पर किया जाएगा। प्रत्येक जोन को 2 हजार निशुल्क फलदार और छायादार पौधा का वितरण डिमांड के अनुसार किया जाएगा।

पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू ने बताया कि नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी ने गुरुवार को अपने जोन के 7 वार्डों के चिन्हांकित स्थानों पर पौधारोपण के लिए माना नर्सरी से 2 हजार अलग-अलग प्रजाति के पौधे ले लिए हैं। रायपुर शहर को स्वच्छ और हरित शहर बनाने मानसून सीजन में इस बार 20 हजार विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करने की तैयारी है। नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग को माना नर्सरी से 20 हजार निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएं जाएंगे। इसकी शुरूआत नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी से हुई है। गुरुवार को जोन 5 ने माना नर्सरी से 2 हजार पौधे गाड़ी में भरकर जोन के चिन्हांकित स्थानों पर पौधारोपण के लिए लेकर आए। जल्द ही इन पौधों का रोपण संबंधित स्थानों पर कराया जाएगा।



- अलग-अलग 12 प्रजाति के हैं फलदार और छायादार पौधे

**मुख्यालय से जोन कमिश्नरी को पत्र, पौधारोपण के लिए स्थल और संख्या की मांगी जानकारी** : महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की ओर से सभी दस जोन कमिश्नरी को पौधारोपण के लिए स्थल चिंहाकित कर पौधों की संख्या सहित जानकारी मंगाई गई है। स्थानीय पार्षद के साथ समन्वय बनाकर संबंधित वार्ड के रहवासियों से सुझव लेकर पौधारोपण के लिए जगह का चयन कर रोपित किए जाने वाले पौधों की अनुमानित संख्या, पौधे प्रजाति का विवरण जल्द भेजने कहा गया है, ताकि समय रहते पौधारोपण का कार्य किया जा सके।

### 12 प्रजाति के फलदार और छायादार पौधे

रायपुर नगर निगम को माना स्थित नर्सरी से आम, जामुन, अमरूद, आंवला, नीम, गुलमोहर, मौलश्री, कचनार, करंज, सीताफल, मुनगा, सीसु प्रजाति क पौधे पौधारोपण के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक जोन को 2 हजार पौधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है, यानी दस जोन के लिए 20 हजार विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधे पौधारोपण के लिए मिलेंगे। ये पौधे सार्वजनिक स्थलों, तालाब किनारे, स्कूल प्रांगण, खाली जगह, बगीचों सहित अन्य चिन्हांकित स्थलों पर रोपित कराए जाएंगे।

### जोन 5 के वार्डों में इन स्थानों पर होगा पौधारोपण

**ठाकुर प्यारेलाल वार्ड** : ईदगाहभाठा मैदान, डगनिया खदान के पास, मुकुट नगर गार्डन
**पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड** : सेंचुरी कालोनी गार्डन
**पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड** : रावणदहन मैदान सुंदरनगर, आम बगीचा गार्डन, शिव बगीचा गार्डन, पहाड़ी तालाब क्षेत्र, त्रिमूर्ति चौक, आदर्श चौक, मैत्रीनगर, ओम सोसायटी, प्रगति चौक।
**महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड** : खोखो तालाब
**वामनराव लाखे वार्ड** : कुशलपुर स्कूल, मलसाय तालाब
**भक्त कर्मा माता वार्ड** : भाठागांव बीएसयूपी कालोनी के मार्गों में स्थित रिक्त भूमि
**डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड** : संस्कृति भवन चंगोराभाठा, महदेवा तालाब चंगोराभाठा, बाजार स्कूल चंगोराभाठा

# कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने कांग्रेसियों के साथ थाने पहुंचे नकटी पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकटी गांव में भारी बारिश के दौरान 85 गरीब परिवारों के मकानों को ध्वस्त किए जाने के मामले में गुरुवार को प्रभावित परिवार बड़ी संख्या में माना थाना पहुंचे और रायपुर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार तथा मकान तोड़ने की कार्रवाई में शामिल सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखित शिकायत प्रस्तुत की। आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्ण समर्थन दिया।

प्रभावित परिवारों ने थाना परिसर के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और स्पष्ट कहा, वे किसी भी कीमत पर नया रायपुर नहीं जाएंगे। उनका कहना था कि वर्षों से बसे गांव से उन्हें जबरन बेदखल किया गया है और वे अपने गांव में ही सम्मानपूर्वक पुनर्वास चाहते हैं। पीड़ितों ने सीएसपी लंबोदर पटेल एवं थाना प्रभारी के नाम शिकायत लेकर पहुंचे थे। सौंपे गए आवेदन में मांग की कि तत्कालीन कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार तथा मकान तोड़ने की कार्रवाई में शामिल सभी जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। मामले को दबाने का प्रयास किया गया, तो प्रभावित परिवार न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। कांग्रेस पार्टी भी इस न्याय की लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और आवश्यक होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### नकटी के प्रभावित परिवार ने थाने के बाहर किया प्रदर्शन

**नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन**

*कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मकानों को भी बिना संवेदनशीलता के ध्वस्त किया गया। यदि किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई आवश्यक थी, तो उसे मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए किया जाना चाहिए था, न कि बरसात के बीच गरीब परिवारों को बेघर कर। सीएससी लंबोदर पटेल एवं थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायत को विधिवत दर्ज कर जांच की जाएगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।*



### ये थे मौजूद

*प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार श्रीकुमार मेनन, अनिता शर्मा, पंकज शर्मा, ऊधो वर्मा, डोमेश्वरी वर्मा, भावेश बघेल, आशीष वर्मा, जयंत साहू, वासुदेव कुंडू, बलविंदर गांधी, हीरेन्द्र देवांगन, चम्पा देवांगन, मनीष मानिक, गोपाल पाल, योगेंद्र सोलंकी, विद्याभूषण सोनवानी, सजमन बाघ, नीतू साहू, कोमल साहू, खिलावन निषाद, अजितेश शर्मा, रामा यादव, रूपेश बघेल रतन सोलंकी पूरन सोलंकी जीतू भारती महेंद्र (गुड्डू) सेन, नीलकमल घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी प्रभावित परिवारों के साथ थाना पहुंचे।*

# गंगानगर में पानी टंकी के पास बिना अनुमति व्यावसायिक निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- जोन 1 नगर निवेश टीम ने जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई की

शहर के आउटर इलाकों में नगर निगम से बिना अनुमति लिए व्यावसायिक निर्माण का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को कुशालपुर रिंगरोड नंबर 1 में 1500 वर्गफीट पर बिना अनुमति व्यावसायिक भवन निर्माण को जोन 5 की टीम ने जेसीबी लगाकर ध्वस्त किया। इसके दूसरे ही दिन नगर निगम जोन 1 यतियतन लाल वार्ड स्थित भनपुरी के गंगानगर क्षेत्र में पानी टंकी के पास करीब 4023 वर्गफीट भूमि पर किए गए व्यावसायिक निर्माण करने पर निर्माणकर्ता को नोटिस जारी कर पुलिस प्रशासन बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से जमींदोज करने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों के मुताबिक रतिलाल पटेल एवं हिमांशु पटेल द्वारा नगर निगम से बिना अनुमति निर्माण कराया जा रहा था। अवैध निर्माण पर नियम अनुसार नोटिस भी जारी हुआ। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1 नगर निवेश विभाग की टीम ने यतियतनलाल वार्ड के गंगानगर में पानी टंकी के समीप बिना अनुमति करीब 4,023 वर्गफीट भूमि में किये गए व्यावसायिक निर्माण को नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत संबंधित निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी करते हुए स्थल पर जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई की।

खबर संक्षेप



## हुलसी ने किया समिति में औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने ग्राम पंचायत बेलसोंडा स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के खाद भंडारण केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेने पर आगामी कृषि सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित पाई गई। निरीक्षण के दौरान जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने वहां मौजूद किसानों से मुलाकात कर जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याओं, कठिनाइयों और कृषि संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। समिति प्रबंधक को उन्होनें निर्देशित किया कि सभी पात्र किसानों को निर्धारित नियमों के पूर्णतः अनुरूप, बिना किसी भेदभाव के, समय पर और अत्यंत सुचारु रूप से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कृत्रिम किल्लत कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रशिक्षणार्थियों को किट का वितरण

**सरायपाली।** आजीविका महाविद्यालय में संचालित जल वितरक संचालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आश्वम टीम एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने किट प्राप्त कर संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आश्वम टीम एंड टेक्नोलॉजी के काउंसलर, ट्रेनर कोऑर्डिनेटर तथा आईटीआई के प्रिंसिपल की उपस्थिति रही।

## जब्त मादक पदार्थों का किया नष्टीकरण



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन क्षेत्र के थानों के एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त प्रतिबंधित मादक पदार्थों का सिलतरा स्थित जायसवाल निको प्लांट में गुरुवार को नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण की कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के दिशा-निर्देशों एवं एनडीपीएस एक्ट में निहित प्रावधानों के अनुरूप गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा की गई। एनडीपीएस के 43 प्रकरणों में जप्त 160.722 किलोग्राम गांजा, 100 ग्राम डोडा चूरा, 236 ग्राम अफीम, 2,734 नग प्रतिबंधित टेबलेट तथा 503 नग प्रतिबंधित कफ सिरप को प्लांट के फर्नेश में डालकर नष्टीकरण किया गया।

**आयोजन : मखाना की वैज्ञानिक खेती से किसानों को मिलेगा आय का नया विकल्प**

# जिले के 400 प्रगतिशील किसानों का हुआ पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से उद्यानिकी विभाग द्वारा जिले के 400 प्रगतिशील किसानों के लिए मखाना की वैज्ञानिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 1 जुलाई से 5 जुलाई 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम में बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली एवं महासमुंद विकासखंड के किसानों ने सहभागिता कर मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं मखाना परियोजना के समन्वयक डॉ.गजेंद्र चंद्राकर ने किसानों को मखाना उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बीज चयन, बुआई का उपयुक्त समय, तालाब प्रबंधन, पोषक तत्व प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण, फसल की कटाई, प्रसंस्करण तथा विपणन के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मखाना एक उच्च मूल्य की नकदी फसल है, जिसकी खेती कम लागत में बेहतर आर्थिक लाभ प्रदान कर सकती है। यह फसल कृषि विविधीकरण के साथ किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ परंपरागत खेती के साथ-साथ नई एवं लाभकारी फसलों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मखाना की खेती किसानों को अतिरिक्त आय उपलब्ध कराने के साथ जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगी। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी ज्ञान को अपने खेतों में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता उसके व्यवहारिक क्रियान्वयन में निहित होती है। प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के दौरान किसानों ने मखाना उत्पादन की तकनीकों को निकट से समझा तथा इसे अपने क्षेत्र में अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि कम लागत, बेहतर बाजार संभावनाओं और अधिक लाभ के कारण मखाना भविष्य में उनके लिए आय का एक मुख्य स्रोत बन सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. एकानंद ढीमर, डॉ. योगेंद्र चंदेल, प्रबंधक संजय नामदेव एवं शिव साहू का विशेष योगदान रहा। सहायक संचालक उद्यान पायल साहू ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को नवीन तकनीकों से जोड़ने तथा कृषि आधारित आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

## युवा संगठन विस्तार अभियान के तहत युवा प्रकोष्ठ का हुआ गठन



**झलप।** ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज छत्तीसगढ़ प्रांत के युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित युवा जागरण एवं संगठन विस्तार अभियान के अंतर्गत सिरपुर महासभा के झलप एवं अरंड परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। यह गठन प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार झलप परिक्षेत्र के संरक्षक नंदकुमार सेन, सलाहकार घनश्याम सेन, बल्दू राम सेन, अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष तोसन सेन, कोषाध्यक्ष सदानंद सेन, महामंत्री बलराम सेन, सहसचिव चोवा राम सेन, पंचगण चंदू सेन, मिलन सेन, हीरालाल सेन, अश्वनी सेन, समाजसेवक ईश्वर सेन एवं अरंड परिक्षेत्र के संरक्षक दौलत सेन, अध्यक्ष शेषनारायण सेन, सचिव घनश्याम सेन, उपाध्यक्ष संतोष सेन, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सेन, सलाहकार सूबेलाल सेन, पंच-देवसिंह सेन, ठाकुर राम, बूंदराम सेन, लखन सेन, नागेश्वर सेन, समाजसेवक लुकेश्वर सेन आदि दोनों परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों के सहयोग एवं आशीर्वाद संपन्न हुआ। जिसमें झलप परिक्षेत्र से युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोकनाथ सेन, उपाध्यक्ष कार्तिक सेन, सचिव दुष्यंत सेन, कोषाध्यक्ष प्रीतम सेन अरंड परिक्षेत्र से अध्यक्ष-रोहित सेन, उपाध्यक्ष तुलेश्वर सेन, सचिव संतोष सेन, कोषाध्यक्ष युवराज सेन,महामंत्री झम्मन सेन, प्रचार मंत्री-देवव्रत सेन, संगठन सचिव मुकेश सेन को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवगठित युवा पदाधिकारियों को संगठन सुदृढ़ीकरण एवं समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया।

## दुलारपाली शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीतांबर व उपाध्यक्ष नीता को चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में विगत दिनों शाला प्रबंधन समिति के गठन के लिए पालकों, प्रबुद्ध नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों की एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता



विद्यालय के प्राचार्य प्रेमानन्द भोई द्वारा की गई।

शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता तथा शाला के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पालकों और उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पीतांबर साहू को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा नीता सिदार को उपाध्यक्ष चुना। साथ ही समिति में पालक सदस्यों के रूप में रूपलाल साहू, सरिता चौहान, खगेश बाघ, रथराम नेताम, काशीराम साहू, हेमबाई साहू, हीराबाई चौहान, जलमोती बरिहा, मुक्तिराम निषाद, पीतांबर साहू, हीरा साहू, डोकरी बाई चौहान, रामेश्वर भारती, नरोत्तम बाघ, नीता सिदार को शामिल किया गया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि के रूप में उपसरपंच आसमोती साहू एवं पंच लीला साहू को सदस्य बनाया गया। तथा शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में व्याख्याता टेकलाल पटेल को समिति में सम्मिलित किया गया। प्राचार्य इस समिति के पदेन सचिव होंगे। प्राचार्य के आह्वान पर समिति के सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, शाला त्यागी बच्चों को मुख्य धारा में जोड़ने तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निश्चय किया। बैठक में कृष्ण कुमार नायक, उपेंद्र बुड़ेक, रोहित कुमार साहू, सुशांत प्रधान, कविता पटेल, द्रुपद पटेल, जयनारायण पटेल, लोकेंद्र नायक, पद्मिनी भोई सहित समस्त शिक्षकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित चौरसिया ने किया।

## विधायक योगेश्वर सिन्हा ने परसदा में लगाई जन चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शुक्रवार को ग्राम परसदा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। जन चौपाल के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सिंचाई सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।



विधायक सिन्हा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान हो सके। उन्होंने ग्रामीणों के सुझावों का स्वागत करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने नवविवाहित बहनों को उपहार एवं नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं देखभाल के लिए उनके परिवारों को शिशु किट वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा तुमगांव मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, महामंत्री मानिक सोनवानी, द्रोणाचार्य साहू, महासमुंद ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, ग्राम सरपंच पीतांबर ध्रुव, उपसरपंच वीरेंद्र चंद्राकर, भाजपा नेतागण गोविंद ठाकुर, रविकांत चंद्राकर, शरद मराठा, आकाश पांडे सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

## लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए 20 तक आवेदन आमंत्रित

### 25 जुलाई को चयन परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार विद्यालय में उपलब्ध रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 20 जुलाई 2026 तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, भोरिंग में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 25 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में किया जाएगा। चयन परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित होगा तथा प्रत्येक खंड में 20-20 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। विद्यालय में कक्षा 7वीं में 3 सीटें, कक्षा 8वीं में 2 सीटें, कक्षा 9वीं में 7 सीटें तथा कक्षा 11वीं में 8 सीटें रिक्त हैं। इस प्रकार कुल 20 रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

## पंचायत सचिव को हटाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में जनपद पहुंचे ग्रामीण, सीईओ को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम पंचायत किसड़ी के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को हटाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सौंपते हुए सचिव का तत्काल अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत किसड़ी के सचिव पृथ्वीराज भोई पंचायत कार्यों मां रुचि नहीं लेते तथा ग्रामसभा के कार्यों में गंभीर लापरवाही बरतते हैं।






आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पंचायत के विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मामलों की जानकारी सरपंच, पंचों और ग्रामीणों को समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कार्यों में भी सचिव द्वारा हितग्राहियों से पैसे की मांग की जाती है। इन आरोपों के चलते ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और उन्होंने सचिव को तत्काल अन्य ग्राम पंचायत में स्थानांतरित करने की मांग की है। आवेदन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं, जिससे स्पष्ट है कि यह मांग पूरे गांव के समर्थन के साथ उठाई गई है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हालांकि, आवेदन में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासन की जांच और आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट होगी।

## सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं सतत विकास पर दिया गया मार्गदर्शन

### खल्लारी में प्रबंधन समिति के सदस्यों को बैंक खाता संचालन एवं वन प्रबंधन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वन अधिकार अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने एफआरए सेल के एमआईएस सहायक लिलेश साहू ने गुरुवार को विकासखंड खल्लारी के ग्राम खल्लारी में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समिति के सदस्यों को सामुदायिक वन संसाधन क्षेत्र के प्रभावी प्रबंधन, मृदा संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि सामुदायिक वन संसाधनों का संरक्षण ग्राम सभा की सहभागिता से किया जाना आवश्यक है। इसके लिए नियमित वृक्षारोपण, मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य तथा वन क्षेत्र के सतत प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही समिति के नाम से बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया एवं इसके महत्व की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग शिल्पा साय ने बताया कि जिले में जिन सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों की प्रबंधन योजना जिला कार्यालय द्वारा चयनित की जाएगी, उन संबंधित ग्राम सभाओं को आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक वन संसाधन क्षेत्र के संपोषणीय विकास के लिए 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन, वृक्षारोपण, मृदा एवं जल संरक्षण तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों में किया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### नवागांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू एवं शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा अपने जन्मदिन पर शाला के सभी विद्यार्थियों के लिए शासन के महत्वाकांक्षी योजना पोषण शक्ति आहार योजना के अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। नेवता भोज में बच्चों को समोसा, कचौड़ी, जलेबी, आचार एवं दाल चावल सब्जी परोसा गया। बच्चों ने बड़े उत्साह से भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अमर साहू, किरण दीवान, रसोईया दयाबाई दीवान, हीरा बाई दीवान, कुमारी बाई, दयालु उपस्थित रहे। संस्था के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

### राशन दुकानों के नवीन आवंटन के लिए 23 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** अनुविभाग पिथौरा अंतर्गत दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों के नवीन आवंटन के लिए संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भगतदेवरी द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बिजेमाल तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिरको द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान खुर्सीपार (साल्हेतराई) का समर्पण किए जाने के पश्चात इन दुकानों का नवीन आबंटन किया जाना है।

### आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

महासमुंद। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ कर दिए गए है। प्राचार्य पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।

## जायजा : जलभराव के स्थाई समाधान करने के दिए निर्देश

# त्रिमूर्ति कॉलोनी के जलभराव क्षेत्र का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर के वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत त्रिमूर्ति कॉलोनी एवं रायपुर रोड क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर विक्की एवं नगर पालिका के विभागीय कर्मचारियों के साथ उक्त क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष साहू ने जलभराव वाले स्थानों, नालियों की वर्तमान स्थिति एवं पानी के बहाव की दिशा का बारीकी से जायजा लिया। कॉलोनी क्षेत्र में बरसात के दिनों में छोटी-छोटी नालियों का पानी निकासी न होने के कारण सड़कों और घरों के आसपास पानी भर जाता है। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने मौके पर



उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्रिमूर्ति कॉलोनी एवं रायपुर रोड क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नालों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ किया जाए और जहां आवश्यक हो वहां नालों की सफाई एवं गहरीकरण कराया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र की छोटी नालियों को चिन्हांकित कर उन्हें व्यवस्थित रूप से बड़ी नालियों से जोड़ा जाए, ताकि बरसात का पानी बिना रुकावट के सुगमता से प्रवाहित हो सके और जलभराव की समस्या से लोगों को स्थायी राहत मिल सके।

साहू ने विशेष रूप से त्रिमूर्ति कॉलोनी के निचले क्षेत्र में जल निकासी के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पानी के निकास के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए एवं डायवर्सन का कार्य तकनीकी दृष्टिकोण से इस प्रकार किया जाए कि भविष्य में पुनः जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें।

जिससे आम जनता को जल्द से जल्द राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर ने भी क्षेत्र की समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष ने आम नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कचरा न डालें, जिससे जल निकासी सुचारु रूप से हो सके और हमारा शहर स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बन सके।

# एचपीवी टीकाकरण सप्ताह 13 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में 13 से 18 जुलाई 2026 तक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। अभियान की तैयारियों



### जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 2922 पात्र बालिकाओं का किया गया टीकाकरण

एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई. नागेश्वर राव की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बीईइ सहित संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में टीकाकरण अभियान के माइक्रोप्लान, पात्र हितग्राहियों की पहचान, वैक्सीन की उपलब्धता, कोल्ड चेन प्रबंधन, टीकाकरण सत्रों के संचालन, यू-विन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि, जन-जागरुकता गतिविधियों तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीपी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, आरएमएनसीएच सलाहकार अनुपम मिश्रा एवं हेल्थ एजुकेटर हरिशंकर साहू सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. राव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान किसी भी पात्र बालिका का टीकाकरण छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में आवश्यक संसाधनों, प्रशिक्षित टीकाकरण दल, वैक्सीन एवं कोल्ड चेन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाए।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान एचपीवी टीकाकरण केवल 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) एक सामान्य वायरस है, जिसके कुछ प्रकार लंबे समय तक शरीर में बने रहने पर भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, समय पर लगाया गया एचपीवी टीका इस संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है तथा भविष्य में कैंसर के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## झमाझम बारिश के बाद खेतों में लौटी रौनक, लईहारा पद्धति से धान की बुआई में जुटे क्षेत्र के किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

क्षेत्र में बीते दिनों हुई अच्छी बारिश से जहां नदी-नाले और खेत-खलियान पानी से पूरी तरह लबालब हो गए थे, वहीं अब मौसम खुलते ही ग्रामीण अंचलों में कृषि गतिविधियों में भारी तेजी आ गई है। पानी की धार कम होते ही अन्नदाता पूरे उत्साह के साथ खेतों की ओर रुख कर चुके हैं। क्षेत्र के किसान इस समय खेतों की मताई करने के बाद पारंपरिक व उन्नत 'लईहारा पद्धति' से धान की बुआई के कार्य में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई बारिश ने खेतों को जलमग्न कर दिया था, जिससे खेतों में भरपूर नमी और पर्याप्त पानी जमा हो गया है। अब जैसे ही पानी का बहाव थमा और धार कम हुई, किसानों ने समय न गंवाते हुए खेतों को तैयार करना शुरू कर दिया। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय खेतों की मताई करके लईहारा पद्धति (अंकुरित धान की सीधी बुआई) करना फसल के लिए बेहद और फायदेमंद साबित होता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि फसल की नींव भी मजबूत होती है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही खबरों के अनुसार, सुबह से ही खेतों में ट्रैक्टरों की गूंज और किसानों की हलचल दिखाई देने लगी है। क्षेत्र के साधन संपन ट्यूबवेल वाले किसानों ने रोपाई कार्य में व्यस्त हो गए।

# पावस पर आस्था की हुई काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय आस्था साहित्य समिति द्वारा वर्षा ऋतु (पावस) के अभिनंदन में साहित्यकार डॉ. साधना कसार के निवास पर क्लब पारा में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. संजीव कर्मकार ने कहा कि साहित्य के माध्यम से आस्था साहित्य समिति द्वारा अनेक रचनात्मक कार्यक्रम समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में भी साहित्य का विशेष योगदान रहा है।



इस अवसर पर आस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि बूंद झरे पात-पात गा रही मल्हार रात दुल्हन ने अलसाये मन किये दिये की लौ मंद। छत्तीसगढ़ी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर बंधु राजेश्वर खरे ने कहा कि सांध मा बाजें दंगरग दंगरस, कबरा अऊ कजरा के जांगर, करिया बादर सुख के बादर। साहित्यकार सौरिन चन्द्रसेन ने कहा कि अंतस के खुशी हा हिरदे ले झरत हे, जइसे सावन म बूंद झरे पात-पात। हिंदी गजल के हस्ताक्षर अशोक शर्मा द्वारा पंक्तियां समर्पित की गई- बारिश को नजला हुआ बादल है बीमार, तय है बरसेंगे मगर उतरे जरा बुखार।

इस अवसर पर बागबाहरा से पधारे हबीब खान समर गजल प्रस्तुत करते हुए कहा कि ठेकेदारी दे दिया है कुदरत ने मौसम को, शाम होते ही आना कह दिया है मौसम को। बरखा के श्रृंगार पर कवि उमेश भारती गोस्वामी मृदुल ने रचना पढ़ते हुए कहा कि-जइसे आइस बरखा ऋतु बदलगे पुरवा के चाल, जेठ के घाम-पीरा थमीस सुघ्घर होगे भुईया के चाल। साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने चमक बिखरते हुए छत्तीसगढ़ी में पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा कि बबा डंडा उठा के पुछिस मानसून तै आबे कि नई जल्दी बता, बबा के डंडा ले मानसून डर्रा गे अऊ जल्दी आगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि सुरुर सुरुर हवा चलते हे पानी गिरत हे न। इस अवसर पर डॉ. साधना कसार साहित्यकार एवं पत्रकार उत्तरा विदानी, डॉ. रामशरण चंद्राकर ने अपनी पंक्तियां हिंदी और छत्तीसगढ़ी में समर्पित करते हुए कार्यक्रम में नई उचाईयां दी। डॉ. कसार ने कहा कि भूमि पर जल पहले ही मिट्टी की फैले सुरभि अनुपम। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता भरत सिंह कसार ने किया। उक्त जानकारी आस्था साहित्य समिति की ओर से साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने दी है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने की जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ महासमुंद द्वारा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन से मुलाकात कर चर्चा की गई।

प्रमुख रुप से जिला में कार्यरत सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी कर अविलंब पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ की जाये इसी प्रकार संगठन को जिला में सशि से प्राचार्य तक के रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण को वरिष्ठता में स्थान दी जाए एवं वीएसके एवं एबीएसए एप में कर्मचारियों मोबाईल नेटवर्क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भविष्य में शिक्षकों को किसी तरह से दिक्कत न हो पर विस्तार से चर्चा की गई।



इस अवसर पर संगठन के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि जिला में शिक्षकों को कोई असुविधा न हो एवं समय पर सभी समस्याओं का निराकरण किया जाए। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों को निर्देशित कर सेवा पुस्तिका एवं पासबुक का संधारण की जाए। समय पर सभी विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, वितरित की जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ अपने चार पुरुषार्थों के साथ क्रमशः राष्ट्रहित शिक्षाहित, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित के साथ निरंतर अग्रसर है। इस अवसर पर उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि संयुक्त संचालक रायपुर संभाग द्वारा कार्य के प्रति समर्पित बेलसोंडा के 23 शिक्षकों का गत अप्रैल माह में एक दिन के वेतन काटे जाने एवं सेवा पुस्तिका में इंद्राज को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुये जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने कहा कि शिक्षकों के सभी समस्याओं का निराकरण समयबद्ध तरीके से किया जाएगा एवं जिले को सर्वश्रेष्ठ बनाने में शिक्षकों का सहयोग प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री भागवत जगत भूमिल, विखं अध्यक्ष लता वैष्णव, सचिव डी बसंत साव, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन को जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, पुनुराम साहू सहित शिक्षकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी छग शिक्षक संघ के विखं सचिव डी बसंत साव ने दी है ।

## सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत निबंध एवं चित्रकला स्पर्धा का हुआ आयोजन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**महासमुंद।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के तत्वावधान में सहकारिता सप्ताह (29 जून से 06 जुलाई) के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा में सहकारिता विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सहकारिता, सहयोग, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य अमी रूफस, जिला प्रचार-प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे, प्रबंधक जीएल कौशिक एवं लेखापाल कन्हैया नायक की उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम अवनी ठाकुर (कक्षा 10वीं 'ए') 91 अंक 2,500 रुपए का चेक, द्वितीय किरण बिबार (कक्षा 12वीं कॉमर्स) 87 अंक 1,500 का चेक एवं तृतीय स्नेहा सेंद्रे



(कक्षा 11वीं विज्ञान) 86 अंक 1,000 रुपए का चेक प्रदाय किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अमी रूफस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता की भावना समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास का आधार है तथा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना का विकास करती हैं। जिला प्रचार-प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे ने भी विद्यार्थियों को सहकारी आंदोलन के महत्व से अवगत कराते हुए अधिकाधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गोसाई राम टांडेकर, ओमप्रकाश देवांगन, प्रियंका पीटर, हरीश पांडेय, प्रणिता शर्मा, डॉ. ससबीर कौर, विकास यादव, मितेश शर्मा, आकांक्षा भोई, राधिका शर्मा, रवि ठाकुर, सनी ध्रुव, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, श्रुति श्रीवास्तव, चंद्रदीप साहू, मोहन, झम्मन, प्रकाश सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी (व्याख्याता) हरीश पांडेय ने दी।

# महर्षि विद्या मंदिर में हुआ बैज वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में 10 जुलाई को विद्यालय प्रांगण में बैज वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन नंदकुमार साहू द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व विद्यालय के समस्त प्रभारी शिक्षकों ने कुशलतापूर्वक निभाया।

समारोह का शुभारंभ विद्यालय के खेल शिक्षक दुर्गेश कन्नौजे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की आकर्षक मार्च-पास्ट से हुआ। मार्च-पास्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि को मंच तक सम्मानपूर्वक लाया गया, जिसके पश्चात विभिन्न छात्र पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर उनके दायित्वों का औपचारिक निर्वहन कराया गया।

छात्र-छात्राओं को सौंपे गए विभिन्न उत्तरदायित्व हेड बॉय रेवती रमन साहू, हेड गर्ल राखी यादव, शैक्षणिक प्रभारी आंचल सोनी एवं लिशी देवांगन, अनुशासन प्रभारी (बालक) मनुज आदित्य साहू, अनुशासन प्रभारी (बालिका) राधिका यादव, सीसीए प्रभारी (बालक) मीत यादव,



सीसीए प्रभारी (बालिका) कृति गायकवाड़, स्कूल प्रीफेक्ट (बालक) आयुष साहू, स्कूल प्रीफेक्ट (बालिका) साक्षी यादव, स्पोर्ट्स कैप्टन (बालक) चेताक्ष देवांगन, स्पोर्ट्स कैप्टन (बालिका) अनन्या चंद्राकर, सांस्कृतिक कप्तान (बालक) समीर कुमार देवदास, सांस्कृतिक कप्तान (बालिका) ज्योतिका साहू, उपपदाधिकारी वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन (बालक) शिवम द्विवेदी, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन (बालिका) समृद्धि यादव, वाइस हाउस कप्तान (बालक) भास्कर साहू, प्रियांशु चंद्राकर, हमेस साहू, तुषार साहू, वाइस हाउस कप्तान (बालिका) सुचिता साहू, वंदना पटेल, नेहा पटेल, दिव्या साहू, हाउस प्रीफेक्ट (बालक) पुष्पेंद्र साहू, नागेंद्र सिन्हा, अनुराग साहू, आयुष डहरिया, हाउस प्रीफेक्ट (बालिका) स्वाति गायकवाड़, सोनाली भट्ट, ओजस्वी साहू, दीक्षा साहू, वाइस अनुशासन प्रभारी (बालक) अभिनव साहू, वाइस अनुशासन प्रभारी (बालिका) वाणी यादव, वाइस स्कूल प्रभारी (बालक) चंद्रहास साहू, वाइस स्कूल प्रभारी (बालिका) अलीशा सवई, वाइस सीसीए कप्तान नियति सिदार, वाइस सांस्कृतिक कप्तान (बालिका) चेताली साहू, हाउस कप्तान ग्रीन हाउस पृथ्वी मिश्रा (बालक), मुस्कान साहू (बालिका), ब्लू हाउस विवेक साहू (बालक), खुशी नागेश्वर (बालिका), रेड हाउस डोमेंद्र साहू (बालक), लुवीना ध्रुव (बालिका), येलो हाउस इशांत सोनवानी (बालक), नमिता चंद्राकर (बालिका) शामिल है।

समारोह के दौरान प्राचार्य आरके तिवारी ने सभी बैजधारी विद्यार्थियों को उनके दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, विद्यालय की गरिमा बनाए रखने तथा नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि वे अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रभावित किए बिना जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करें तथा विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम के समापन पर सभी नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। अंत में गोविंद सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की।

